Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007

Participants : Singh Shri Ganesh

>

Title: Need to provide financial package to the drought affected areas of Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। कल और आज, इन दो दिनों में देश के कई हिस्सों में भयंकर ओलावृटि हुई जिससे किसानों की पकी फसल पूरी तरह से नट हो गयी। मेरे मध्य प्रदेश में पिछले दिनों 31 जिलों में भयंकर ओलावृटि हुई थी जिसमें हजारों की संख्या में गांव प्रभावित हुए थे। मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना और कटनी में पहले भी भयंकर ओलावृटि हुई थी जिसमें 500 से ज्यादा गांव प्रभावित हुए थे। कल और आज के बीच में कम से कम चार से पांच सौ गां वों में फिर से ओलावृटि हुई है जिससे किसानों का भयंकर नुकसान हुआ है। अब तक जो आंकड़े प्राप्त हुए हैं, उसके अनुसार लगभग ढाई लाख हैक्टेयर भूमि में किसानों द्वारा बोई हुए फसल नट हो गयी। राज्य सरकार ने अब तक सर्वे करवा कर 12 करोड़ रुपये की सहायता किसानों के बीच में वितरित की है। । इसी तरह मध्य प्रदेश में भी सूखे की भी स्थिति बनी हुई है। लगातार नौ जिलों में 39 तहसीलें भयंकर सूखे की चपेट में हैं। मेरा लोकसभा क्षेत्र सतना एवं कटनी दोनों भयंकर सूखे की चपेट में है। इस कारण वहां पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो चुकी है। मेरे जिले में रोजगार गारंटी योजना में 100 दिनों की सीमा लगी हुई है। मैं चाहता हूं कि 100 दिनों की रोजगार गारंटी की जो सीमा है, उसे केन्द्र सरकार हटाए। सूखे और ओले से प्रभावित जितने जिले हैं, वहां पर यह लागू नहीं होना चाहिए। ... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Do not make a lengthy speech.

श्री गणेश सिंह :दूसरा निवेदन यह है कि लगातार प्राकृतिक आपदा आ रही है जिससे किसान परेशान हो रहे हैं। फसल बीमा योजना को केन्द्र सरकार ने तहसील इकाई माना है। मेरी मांग है कि किसान के खेत को, एक इकाई बनाया जाये तथा किसानों के कर्ज माफ किए जाएं ।

MR. CHAIRMAN: Now, nothing will go on record.

*(Interruptions)** … [s84]

MR. CHAIRMAN : He is making a speech. Shri Mahto, you can continue; you can make your submission. Whatever he is saying is not going on record. You need not stop for him.